21. एक पीली शाम

पतझर का ज़रा अटका हुआ पत्ता
शान्त
मेरी भावनाओं में तुम्हारा मुखकमल
कृश म्लान हारा – सा
(कि मैं हूँ वह
मौन दर्पण में तुम्हारे कहीं ?)
वासना डूबी
शिथिल पल में
स्नेह काजल में
लिये अद्‌भुत – रूप – कोमलता
अब गिरा, अब गिरा वह अटका हुआ आँसू
सान्ध्य तारक – सा
अतल में। *(शमशेर बहादुर सिंह)*

(1×4=4)

---



GOVT. BRENNEN COLLEGE LIBRARY THALASSERY

Reg. No. : ................................

Name : ....................................

## V Semester B.A. Degree (CCSS – Reg./Supple./Imp.) Examination, November 2014
## CORE COURSE IN HINDI/FUNCTIONAL HINDI
## 5 B11 HIN/5 B10 FHI : Indian Literary Theory

Time : 3 Hours Max. Weightage : 30

**निर्देश :** कोष्ठक में से **सही** उत्तर चुनकर लिखिए : **(Weightage 1 for each bunch)**

1. अ) संस्कृत काव्यशास्त्रीय ग्रंथों के आधार पर काव्यशास्त्र का प्रथम आचार्य किसे माना जाता है ?
(आनन्दवर्धन, भरतमुनि, उद्‌भट, कुंतक)

आ) 'वक्रोक्ति जीवितम्', किसकी रचना है ?
(कुंतक, वामन, क्षेमेन्द्र, विश्वनाथ)

इ) 'कवि कण्ठाभरण' किसकी रचना है ?
(दण्डी, भामह, रुद्रट, क्षेमेन्द्र)

ई) 'ध्वन्यालोक' किसकी रचना है ?
(बाण, पाणिनी, आनन्दवर्धन, उद्‌भट)

2. अ) रीतिवाद के प्रवर्तक कौन हैं ?
(भामह, वामन, आनन्दवर्धन, पाणिनी)

आ) अलंकार संप्रदायं के समर्थक कौन हैं ?
(भरतमुनि, भामह, दण्डी, वामन)

इ) साधारणीकरण का प्रवर्तक किसे माना जाता है ?
(भट्टनायक, शंकुक, अभिनव गुप्त, भट्टलोलट)

ई) वक्रोक्तिवाद के प्रवर्तक कौन हैं ?
(शंकुक, कुंतक, दण्डी, वामन)

3. अ) 'सौन्दर्यमलंकार:' किसकी उक्ति है ?
(दण्डी, वामन, भामह, कुंतक)

आ) काव्य शोभाकारान् धर्मान्वलंकाश्न् प्रचक्षते किसकी उक्ति है ?
(पाणिनी, दण्डी, क्षेमेन्द्र, कुंतक)

इ) 'भावकत्वं साधारणीकरणम्' किसकी उक्ति है ?
(भट्टलोलट, भट्टनायक, अभिनवगुप्त, नागार्जुन)

ई) 'रमणीयार्थ प्रतिपादक शब्द:' किसकी उक्ति है ?
(विश्वनाथ, जगन्नाथ, पाणिनी, पतंजली)

4. अ) 'रस सिद्धान्त' के रचयिता कौन हैं ?
(नामवर सिंह, डॉ. नगेन्द्र, रामचन्द्र शुक्ल, मुक्तिबोध)

आ) इनमें नामवर सिंह की रचना कौन सी है ?
(रस मीमांसा, कविता के नये प्रतिमान, आस्था और सौन्दर्य, विचार और अनुभूति)

इ) 'कामायनी एक पुनर्विचार' किसकी रचना है ?
(डॉ. नगेन्द्र , हज़ारी प्रसाद द्विवेदी, रामविलास शर्मा, मुक्तिबोध)

ई) 'कबीर' किसकी रचना है ?
(नामवर सिंह, मुक्तिबोध, डॉ. नगेन्द्र, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी) **(4×1=4)**

**निर्देश** : किन्हीं **चार** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए : **(W : 2 each)**

5. रस ध्वनि की महत्ता।

6. प्रबन्ध वक्रता और प्रकरण वक्रता।

7. साधारणीकरण।

8. रीति सिद्धान्त।

9. ध्वनि के विभिन्न रूप।

10. साहित्य की परिभाषा। **(4×2=8)**

**निर्देश** : किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : **(W : 2 each)**

11. आचार्य वामन।

12. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी।



13. रामचन्द्र शुक्ल।

14. मुक्तिबोध।

15. आनन्द वर्धन। **(3×2=6)**

**निर्देश** : किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(W : 4)**

16. काव्य में अलंकार संप्रदाय के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

17. काव्य के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए। **(1×4=4)**

**निर्देश** : किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(W : 4)**

18. रामविलास शर्मा एवं नामवर सिंह की आलोचना पद्धति पर प्रकाश डालिए।

19. हिन्दी आलोचना क्षेत्र पर डॉ. नगेन्द्र के योगदान पर प्रकाश डालिए। **(1×4=4)**

**निर्देश** : निम्नलिखित कविताओं में से किसी **एक** का मूल्यांकन कीजिए : **(W : 4)**

20. मुड़ी डगर
मैं ठिठक गया
वन-झरने की धार
साल के पत्ते पर से
झरती रही।
मैं ने हाथ पसार
दिये, वह शीतलता चमकीली
मेरी अँजुरी
झरती रही।
भूल गया मैं क्लन्ति, तृषा,
अवसाद,
याद
बस एक
हर रोम में
सिहरती रहो। *(अज्ञेय)*